Adda247 GET IT ON Google Play

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

सीरीज़

A

क्रमांक : 2436625

कोड : DFMET–13

2018

विषय : शारीरिक शिक्षा

भाग–I : सामान्य अध्ययन : प्रश्न संख्या 1 से 30

भाग–II : शारीरिक शिक्षा : प्रश्न संख्या 31 से 150

समय : 2 घण्टे पूर्णांक : 150

अपना अनुक्रमांक सामने बॉक्स में लिखें

अंकों में →

शब्दों में

प्रश्नों के उत्तर के लिए केवल काले बॉल-प्वॉइंट पेन का इस्तेमाल करें।

अभ्यर्थी उत्तर देने से पहले सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें।

आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर-पत्रक पर ही देने हैं। परीक्षा के उपरांत उत्तर-पत्रक की मूल प्रति निरीक्षक को सौंप दें।

SEAL

महत्त्वपूर्ण अनुदेश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दें। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
2. **उत्तर-पत्रक पर अभ्यर्थी अपना सही अनुक्रमांक, विषय, परीक्षण पुस्तिका का सही कोड एवं सीरीज़ अंकित करें अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा और उसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।**
3. **इस परीक्षण पुस्तिका में 150 प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के चार (4) वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिए गए हैं। इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले बॉल-प्वॉइंट पेन से पूरा काला कर दें।
4. अनुक्रमांक के अलावा परीक्षण पुस्तिका के कवर पेज पर कुछ न लिखें। इसके अलावा परीक्षण पुस्तिका के अंदर और कुछ न लिखें। यदि आप रफ़ कार्य करना चाहते हैं, तो आप निरीक्षक से वर्किंग शीट माँग लें व इस पर वांछित सूचनाएँ भर लें।
5. **परीक्षण पुस्तिका खोलने के तुरंत बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षण पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका में कोई कमी हो, तो निरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ व कोड की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।**
6. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

   उत्तर-पत्रक में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।

   (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

   (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

   (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें।

Note : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

Adda247

Test Prime

ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

1,00,000+ Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

600+ Exam Covered

25,000+ Previous Year Papers

500% Refund

IBPS · NABARD · INDIAN RAILWAYS

ATTEMPT FREE MOCK NOW

Adda247
GET IT ON Google Play

Adda247 GET IT ON Google Play

PART–I : COMPULSORY / भाग–I : अनिवार्य

GENERAL STUDIES / सामान्य अध्ययन

1. In which of the following texts, it is stated that those who could not speak Sanskrit language correctly were called 'Mlecchas'?

(a) *Shvetashvatara Upanishad*

(b) *Gopatha Brahmana*

(c) *Brihadaranyaka Upanishad*

(d) *Shatapatha Brahmana*

2. Match List–I with List–II and select the correct answer using the codes given below the Lists :

List–I (King)	*List–II (Spouse)*
A. Chandragupta I	1. Dutta Devi
B. Samudragupta	2. Kuberanaga
C. Chandragupta II	3. Kumara Devi
D. Kumaragupta I	4. Ananta Devi

Codes :

(a) A B C D
2 3 4 1

(b) A B C D
3 2 4 1

(c) A B C D
3 1 2 4

(d) A B C D
4 3 1 2

1. निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में कहा गया है कि वे जो संस्कृत भाषा शुद्ध नहीं बोल सकते थे उन्हें 'म्लेच्छ' कहा जाता था?

(a) *श्वेताश्वतर उपनिषद्*

(b) *गोपथ ब्राह्मण*

(c) *बृहदारण्यक उपनिषद्*

(d) *शतपथ ब्राह्मण*

2. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

सूची–I (राजा)	**सूची–II (पत्नी)**
A. चन्द्रगुप्त प्रथम	1. दत्ता देवी
B. समुद्रगुप्त	2. कुबेरनागा
C. चन्द्रगुप्त द्वितीय	3. कुमार देवी
D. कुमारगुप्त प्रथम	4. अनन्त देवी

कूट :

(a) A B C D
2 3 4 1

(b) A B C D
3 2 4 1

(c) A B C D
3 1 2 4

(d) A B C D
4 3 1 2

Adda247 GET IT ON Google Play

3. With reference to the book *Arthashastra*, which of the following statements is/are correct?

1. It is the oldest masterpiece on Indian State Policy.
2. There is no description of Mauryan empire and administration in this book.

Select the correct answer using the codes given below.

Codes :

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

4. Who among the following addressed Delhi as one of the greatest cities in the world?

(a) Ibn Batuta
(b) Alberuni
(c) Farishta
(d) Abul Fazl

5. Who is known as the Father of India's Local Self-Government?

(a) Lord Lytton
(b) Lord Ripon
(c) Lord Curzon
(d) Lord Dalhousie

6. At least how many days are required to give the prior notice for the impeachment of the President of India?

(a) 7 days
(b) 14 days
(c) 21 days
(d) 30 days

3. *अर्थशास्त्र* पुस्तक के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. यह भारतीय राजशासन के संबंध में उपलब्ध प्राचीनतम उत्कृष्ट रचना है।
2. इस पुस्तक में मौर्य साम्राज्य तथा शासनतंत्र का कोई उल्लेख नहीं मिलता।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

कूट :

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

4. इनमें से किसने दिल्ली को विश्व के उत्कृष्टतम शहरों में से एक के रूप में बताया?

(a) इब्न बतूता
(b) अलबेरूनी
(c) फरिश्ता
(d) अबुल फज़ल

5. भारत में स्थानीय स्वायत्त शासन का जनक किसे कहा जाता है?

(a) लॉर्ड लिटन
(b) लॉर्ड रिपन
(c) लॉर्ड कर्जन
(d) लॉर्ड डलहौज़ी

6. भारत के राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए कम-से-कम कितने दिन की पूर्व सूचना आवश्यक है?

(a) 7 दिन
(b) 14 दिन
(c) 21 दिन
(d) 30 दिन

Adda247 GET IT ON Google Play

7. Who administers the oath of office and secrecy to the Governor of a State in India?

(a) The President of India

(b) The Vice President of India

(c) The Chief Justice of the High Court of the State

(d) The Speaker of the Legislative Assembly of the State

8. Which Part of our Constitution envisages a three-tier system of Panchayati Raj?

(a) Part IX

(b) Part X

(c) Part XI

(d) Part XII

9. Which of the following States has ***no*** oil refinery?

(a) Gujarat

(b) Kerala

(c) Chhattisgarh

(d) West Bengal

10. Which of the following rivers does ***not*** flow in Australia?

(a) Hunter River

(b) Flinders River

(c) Orange River

(d) Gilbert River

11. Which of the following States recorded decrease in its population in 2011 Census?

(a) Kerala

(b) Sikkim

(c) Nagaland

(d) Manipur

7. भारत में किसी राज्य के राज्यपाल को पद और गोपनीयता की शपथ कौन दिलवाता है?

(a) भारत का राष्ट्रपति

(b) भारत का उपराष्ट्रपति

(c) राज्य के उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(d) राज्य की विधान सभा का अध्यक्ष

8. हमारे संविधान के किस भाग में पंचायती राज के तीन सोपानों की व्यवस्था का विवेचन किया गया?

(a) भाग IX

(b) भाग X

(c) भाग XI

(d) भाग XII

9. निम्नलिखित में से किस राज्य में तेल शोधनशाला **नहीं** है?

(a) गुजरात

(b) केरल

(c) छत्तीसगढ़

(d) पश्चिम बंगाल

10. निम्नलिखित में से कौन-सी नदी ऑस्ट्रेलिया में **नहीं** बहती है?

(a) हंटर रिवर

(b) फ्लिन्डर्स रिवर

(c) ऑरेन्ज रिवर

(d) गिल्बर्ट रिवर

11. निम्नलिखित में से किस राज्य में 2011 की जनगणना में जनसंख्या का ह्रास अभिलिखित हुआ है?

(a) केरल

(b) सिक्किम

(c) नागालैण्ड

(d) मणिपुर

Adda247 GET IT ON Google Play

12. Which of the following is the most effective measure of population control according to Malthus?

(a) War

(b) Disaster

(c) Birth control

(d) Social evils

13. Which of the following is ***not*** a biome?

(a) Desert

(b) Grassland

(c) Ecosystem

(d) Tundra

14. Dudhwa National Park is situated in which of the following States?

(a) Assam

(b) Uttarakhand

(c) Rajasthan

(d) Uttar Pradesh

15. According to the Fourth Round of National Family Health Survey, the current TFR (Total Fertility Rate—children per woman) is

(a) 2·2

(b) 3·2

(c) 4·2

(d) 4·5

12. माल्थस के अनुसार निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय जनसंख्या-नियंत्रण में सर्वाधिक प्रभावी है?

(a) युद्ध

(b) आपदा

(c) जन्म-नियंत्रण

(d) सामाजिक बुराइयाँ

13. निम्नलिखित में से कौन-सा एक जीवोम **नहीं** है?

(a) रेगिस्तान

(b) घास का स्थल

(c) पारिस्थितिक तंत्र

(d) टुण्ड्रा

14. दुधवा नैशनल पार्क निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है?

(a) असम

(b) उत्तराखण्ड

(c) राजस्थान

(d) उत्तर प्रदेश

15. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के चतुर्थ चक्र के अनुसार, वर्तमान में टी० एफ० आर० (कुल प्रजनन दर — बच्चे प्रति महिला) है

(a) 2·2

(b) 3·2

(c) 4·2

(d) 4·5

Adda247 GET IT ON Google Play

16. Which of the following census years is known as the 'Year of Great Divide' in India?

(a) 1911

(b) 1921

(c) 1951

(d) 1991

17. SRI method is related to

(a) wheat

(b) cotton

(c) mustard

(d) paddy

18. Which of the following pairs is ***not*** correctly matched?

	Crop		*Insect-pest*
(a)	Groundnut	:	Pod borer
(b)	Gram	:	Pod borer
(c)	Paddy	:	Banka
(d)	Maize	:	Stem borer

19. The rotation intensity of Maize-Potato-Mung bean is

(a) 100%

(b) 200%

(c) 250%

(d) 300%

20. Which of the following pairs is ***not*** correctly matched?

	Crop		*Variety*
(a)	Groundnut	:	Kaushal
(b)	Mustard	:	Vardan
(c)	Linseed	:	Chamatkar
(d)	Gram	:	Udai

16. निम्नलिखित जनगणना वर्षों में से किसे भारत में 'महाविभाजन का वर्ष' के रूप में जाना जाता है?

(a) 1911

(b) 1921

(c) 1951

(d) 1991

17. एस० आर० आइ० विधि संबंधित है

(a) गेहूँ से

(b) कपास से

(c) सरसों से

(d) धान से

18. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

	फसल		**कीट**
(a)	मूँगफली	:	फली छेदक
(b)	चना	:	फली छेदक
(c)	धान	:	बंका
(d)	मक्का	:	तना छेदक

19. मक्का-आलू-मूँग के फसल-चक्र की सघनता है

(a) 100%

(b) 200%

(c) 250%

(d) 300%

20. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

	फसल		**प्रजाति**
(a)	मूँगफली	:	कौशल
(b)	सरसों	:	वरदान
(c)	अलसी	:	चमत्कार
(d)	चना	:	उदय

Adda247 GET IT ON Google Play

21. Which of the following diseases ***cannot*** be cured by antibiotics?

(a) Tuberculosis

(b) Tetanus

(c) Measles

(d) Cholera

22. Which of the following pairs is ***not*** correctly matched?

(a) Computer : Charles Babbage

(b) Radio : Karl Benz

(c) Barometer : E. Torricelli

(d) Dynamo : Michael Faraday

23. The communication satellites are invariably

(a) revolving at their own speed

(b) stationary

(c) geostationary

(d) changing their track and speed

24. For which substance among the following, conductivity increases with temperature?

(a) Copper

(b) Germanium

(c) Silver

(d) Iron

25. The area of a regular hexagon of side $2\sqrt{3}$ cm is

(a) $12\sqrt{3}\ cm^2$

(b) $18\sqrt{2}\ cm^2$

(c) $18\ cm^2$

(d) $18\sqrt{3}\ cm^2$

21. निम्नलिखित में से किस रोग का प्रतिजैविक द्वारा निदान **नहीं** किया जा सकता?

(a) क्षयरोग

(b) टेटनस

(c) खसरा

(d) हैजा

22. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित **नहीं** है?

(a) कम्प्यूटर : चार्ल्स बैबेज

(b) रेडियो : कार्ल बेंज

(c) बैरोमीटर : ई० टॉरीसेली

(d) डायनामो : माइकल फैराडे

23. संचार उपग्रह सदैव

(a) अपनी चाल से ही भ्रमण करते रहते हैं

(b) स्थिर रहते हैं

(c) भू-स्थिर रहते हैं

(d) अपना पथ एवं चाल बदलते रहते हैं

24. निम्नलिखित पदार्थों में से किसकी चालकता तापक्रम के साथ बढ़ती है?

(a) ताँबा

(b) जर्मेनियम

(c) चाँदी

(d) लोहा

25. $2\sqrt{3}$ cm भुजा वाले समषड्भुज का क्षेत्रफल होगा

(a) $12\sqrt{3}\ cm^2$

(b) $18\sqrt{2}\ cm^2$

(c) $18\ cm^2$

(d) $18\sqrt{3}\ cm^2$

Adda247 GET IT ON Google Play

26. If $2x+\frac{2}{x}=3$, then the value of $x^3+\frac{1}{x^3}+2$ is

(a) $\frac{3}{8}$

(b) $\frac{19}{8}$

(c) $\frac{21}{8}$

(d) $\frac{7}{8}$

27. If one of the roots of the quadratic equation $2x^2+px+4=0$ is 2, then the other root is

(a) –2

(b) –1

(c) +1

(d) +2

28. In which State was the military exercise 'Vijay Prahar' held in May 2018?

(a) Maharashtra

(b) Gujarat

(c) Rajasthan

(d) Madhya Pradesh

29. Who has won the Women Singles Title of Badminton in Commonwealth Games, 2018?

(a) Saina Nehwal

(b) P. V. Sindhu

(c) K. Gilmour

(d) Michelle Li

30. In the World Press Freedom Index, 2018, India is placed at

(a) 135th

(b) 136th

(c) 138th

(d) 137th

26. यदि $2x+\frac{2}{x}=3$ हो, तो $x^3+\frac{1}{x^3}+2$ का मान है

(a) $\frac{3}{8}$

(b) $\frac{19}{8}$

(c) $\frac{21}{8}$

(d) $\frac{7}{8}$

27. यदि द्विघाती समीकरण $2x^2+px+4=0$ का एक मूल 2 है, तो इसका दूसरा मूल है

(a) –2

(b) –1

(c) +1

(d) +2

28. मई 2018 में किस राज्य में सैन्य अभ्यास 'विजय प्रहार' सम्पन्न हुआ?

(a) महाराष्ट्र

(b) गुजरात

(c) राजस्थान

(d) मध्य प्रदेश

29. राष्ट्रमंडल खेल, 2018 में बैडमिन्टन का महिला एकल खिताब किसने जीता है?

(a) साइना नेहवाल

(b) पी० वी० सिन्धू

(c) के० गिलमौर

(d) मिशेल ली

30. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक, 2018 में भारत का स्थान है

(a) 135वाँ

(b) 136वाँ

(c) 138वाँ

(d) 137वाँ

Adda247 GET IT ON Google Play

PART–II : PHYSICAL EDUCATION / भाग–II : शारीरिक शिक्षा

31. For participation in 776 BC Olympic Games, participants had to practice for one month under the games expert was called

(a) hellanodikard
(b) paidonomus
(c) paidotribe
(d) spharistes

32. Arrange the following 'Awards' in chronological order :

1. Rajiv Gandhi Khel Ratna Award
2. Arjuna Award
3. Maulana Abul Kalam Azad Trophy
4. Dronacharya Award

Codes :

(a) 3, 2, 4, 1
(b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 1, 3, 2
(d) 3, 2, 1, 4

33. 'Ever forward' is the motto of

(a) Asian Games
(b) Olympic Games
(c) Commonwealth Games
(d) Afro-Asian Games

34. In which year were First Winter Olympic Games held?

(a) 1922
(b) 1924
(c) 1928
(d) 1948

35. How many gold did Jasse Owens get in 1936 Berlin Olympic Games?

(a) One
(b) Two
(c) Three
(d) Four

31. 776 ई० पू० ओलम्पिक खेलों में भाग लेने के लिए किस खेल विशेषज्ञ के अधीन प्रतिभागियों को एक महीने का अभ्यास करना पड़ता था?

(a) हेलेनोडिकार्ड
(b) पेडोनोमस
(c) पेडोट्राइब
(d) स्फेरिस्टिस

32. निम्नलिखित 'पुरस्कारों' को कालक्रम के अनुसार क्रमबद्ध कीजिए :

1. राजीव गाँधी खेल रत्न पुरस्कार
2. अर्जुन पुरस्कार
3. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्रॉफी
4. द्रोणाचार्य पुरस्कार

कूट :

(a) 3, 2, 4, 1
(b) 1, 3, 2, 4
(c) 4, 1, 3, 2
(d) 3, 2, 1, 4

33. 'निरंतर प्रगतिशील' आदर्श-वाक्य है

(a) एशियाई खेलों का
(b) ओलम्पिक खेलों का
(c) कॉमनवेल्थ खेलों का
(d) ऐफ्रो-एशियाई खेलों का

34. प्रथम शीतकालीन ओलम्पिक खेल किस वर्ष प्रारम्भ किए गए थे?

(a) 1922
(b) 1924
(c) 1928
(d) 1948

35. 1936 बर्लिन ओलम्पिक खेलों में जेसी ओवेन्स ने कितने स्वर्ण-पदक प्राप्त किए थे?

(a) एक
(b) दो
(c) तीन
(d) चार

Adda247 GET IT ON Google Play

36. When did Kaul Kapoor Committee start their work?
(a) 1900
(b) 1908
(c) 1960
(d) None of the above

37. Psychology is the study of
(a) human posture
(b) human behaviour
(c) human performance
(d) human relations

38. "Having learnt the forehand drive in tennis, the action is then modified to the forehand with top spin." This type of transfer of training is an example of
(a) positive transfer
(b) negative transfer
(c) retroactive transfer
(d) proactive transfer

39. How many types of law of learning were propounded by Thorndike on the basis of experiments?
(a) 2
(b) 3
(c) 5
(d) 7

40. Which type of personality is ***not*** competitive by nature?
(a) Type 'A' personality
(b) Type 'B' personality
(c) Type 'C' personality
(d) Type 'D' personality

41. "Sports psychology is the study of the application of psychological principles to sports and physical activity at all levels of skill improvement." Who said this?
(a) Clark and Clark
(b) Brown and Makoney
(c) K. M. Burns
(d) John Lauther

36. कौल कपूर कमेटी ने अपना कार्य कब शुरू किया?
(a) 1900
(b) 1908
(c) 1960
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. मनोविज्ञान अध्ययन है
(a) मानव मुद्रा का
(b) मानव व्यवहार का
(c) मानव प्रदर्शन का
(d) मानव सम्बन्धों का

38. "टेनिस में फोरहैन्ड ड्राइव सीखने पर क्रिया, टॉप स्पिन सहित फोरहैन्ड में रूपांतरित हो जाती है।" इस प्रकार के प्रशिक्षण का स्थानान्तरण किसका उदाहरण है?
(a) सकारात्मक स्थानांतरण
(b) नकारात्मक स्थानांतरण
(c) पूर्वप्रभावी स्थानांतरण
(d) पश्चप्रभावी स्थानांतरण

39. थॉर्नडाइक ने परीक्षणों के आधार पर कितने प्रकार के सीखने के नियमों का प्रतिपादन किया था?
(a) 2
(b) 3
(c) 5
(d) 7

40. किस प्रकार का व्यक्तित्व स्वभाव से स्पर्द्धाशील नहीं होता है?
(a) टाइप 'A' व्यक्तित्व
(b) टाइप 'B' व्यक्तित्व
(c) टाइप 'C' व्यक्तित्व
(d) टाइप 'D' व्यक्तित्व

41. "खेल मनोविज्ञान, मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों के, कौशलों की बढ़ोतरी के सभी स्तरों पर खेलों तथा शारीरिक क्रियाओं में लागू होने का अध्ययन है।" यह कथन है
(a) क्लार्क और क्लार्क का
(b) ब्राउन और मैकोनी का
(c) के० एम० बर्न्स का
(d) जॉन लाउथर का

Adda247 GET IT ON Google Play

42. Mueller Anderson playback method is an example of which type of tournament?
(a) Knockout
(b) League
(c) Combination
(d) Challenge

43. Depending on the chemical organization, carbohydrates are divided in how many categories?
(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 4

44. About 99% of the mass of each individual is constituted by six elements, i.e., carbon, oxygen, hydrogen,
(a) nitrogen, phosphorus and calcium
(b) phosphorus, potassium and sodium
(c) calcium, sulfur and copper
(d) nitrogen, phosphorus and iodine

45. Which is the compulsory amino acid for the body?
(a) Glycine
(b) Tyrocine
(c) Lysine
(d) Serine

46. Which substance helps to balance the body?
(a) Endolymph
(b) Perilymph
(c) Cochlea
(d) Mastoid bone

47. Which salt is most found in bone?
(a) Magnesium chloride
(b) Calcium phosphate
(c) Sodium chloride
(d) Calcium carbonate

42. मुलर ऐण्डर्सन प्लेबैक मेथड किस प्रकार के टूर्नामेन्ट का उदाहरण है?
(a) नॉकआउट
(b) लीग
(c) कम्बीनेशन
(d) चैलेन्ज

43. रासायनिक संगठन के आधार पर, कार्बोहाइड्रेट्स को कितनी श्रेणियों में बाँटा गया है?
(a) 1
(b) 2
(c) 3
(d) 4

44. प्रत्येक व्यक्ति की संहति का लगभग 99% छः तत्त्वों से बना होता है, अर्थात्—कार्बन, ऑक्सीजन, हाइड्रोजन,
(a) नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और कैल्सियम
(b) फॉस्फोरस, पोटैशियम और सोडियम
(c) कैल्सियम, सल्फर और ताम्र
(d) नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और आयोडिन

45. शरीर के लिए अनिवार्य अमीनो अम्ल कौन-सा है?
(a) ग्लाइसीन
(b) टाइरोसीन
(c) लाइसीन
(d) सेरीन

46. कौन-सा पदार्थ शरीर का संतुलन बनाने में मदद करता है?
(a) एण्डोलिम्फ
(b) पेरिलिम्फ
(c) कॉक्लिअ
(d) मैस्टॉयड बोन

47. अस्थि में कौन-सा लवण सबसे अधिक पाया जाता है?
(a) मैग्नीशियम क्लोराइड
(b) कैल्सियम फॉस्फेट
(c) सोडियम क्लोराइड
(d) कैल्सियम कार्बोनेट

Adda247 GET IT ON Google Play

48. Which cell organ of the human body is known by the name of 'traffic police'?
(a) Protoplasm
(b) Cytoplasm
(c) Lysosome
(d) Golgi bodies

49. Ciliac disease is caused by the lack of
(a) vitamin A
(b) vitamin C
(c) vitamin D
(d) vitamin E

50. What type of protein is found in the egg?
(a) Prolamin
(b) Glutelin
(c) Globulin
(d) Casein

51. The teachers of Physical Education must have knowledge of which factor when they teach any activity related to motion?
(a) The production of force
(b) The application of force
(c) The absorption of force
(d) All of the above

52. Hamstring curl is an example of
(a) class I lever
(b) class II lever
(c) class III lever
(d) All of the above

53. 'Raising an opponent in wrestling' is an example of Newton's which law of motion?
(a) Law of inertia
(b) Law of acceleration
(c) Law of reaction
(d) None of the above

48. मानव शरीर के किस कोशिकांग को 'ट्रैफिक पुलिस' के नाम से जाना जाता है?
(a) जीवद्रव्य
(b) कोशिकाद्रव्य
(c) लाइसोसोम
(d) गॉल्जी काय

49. सिलियक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
(a) विटामिन A
(b) विटामिन C
(c) विटामिन D
(d) विटामिन E

50. अण्डे में किस प्रकार का प्रोटीन पाया जाता है?
(a) प्रोलैमिन
(b) ग्लुटेलिन
(c) ग्लोब्युलिन
(d) केसीन

51. शारीरिक शिक्षा के अध्यापकों को, जब वे गति से सम्बन्धित किसी क्रिया का शिक्षण कराते हैं, किस कारक का ज्ञान होना चाहिए?
(a) शक्ति का उत्पन्न होना
(b) शक्ति का प्रयोग
(c) शक्ति का अवशोषण
(d) उपर्युक्त सभी

52. 'हैमस्ट्रिंग कर्ल' किस लीवर का उदाहरण है?
(a) प्रथम प्रकार का लीवर
(b) द्वितीय प्रकार का लीवर
(c) तृतीय प्रकार का लीवर
(d) उपर्युक्त सभी

53. 'कुश्ती में विरोधी को ऊपर उठाना' न्यूटन के किस गति-नियम का उदाहरण है?
(a) जड़ता का नियम
(b) त्वरण का नियम
(c) प्रतिक्रिया का नियम
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Adda247 GET IT ON Google Play

54. Swimmers lose body heat to water through the process of
(a) evaporation
(b) convection
(c) conduction
(d) radiation

55. What is called swelling around synovial fluid of joint?
(a) Sprain
(b) Strain
(c) Cramp
(d) Synovitis

56. 'Effleurage technique' of massage is
(a) stroking manipulation
(b) pressure manipulation
(c) percussion manipulation
(d) shaking manipulation

57. Which Asana is important for memory improvement?
(a) Vajrasana
(b) Chakrasana
(c) Dhanurasana
(d) Padmasana

58. At what distance is the 5th stagger from the starting line for 200 meter sprint of standard track?
(a) 11·19 meter
(b) 15·02 meter
(c) 18·86 meter
(d) 22·65 meter

59. Temperature of water in swimming pool should be
(a) 23 °C
(b) 24 °C
(c) 25 °C
(d) 30 °C

60. In which Olympic Games was rhythmic gymnastics added?
(a) 1968 Mexico
(b) 1972 Munich
(c) 1980 Moscow
(d) 1984 Los Angeles

54. तैराक शरीर की उष्मा को पानी में किस प्रक्रिया के तहत छोड़ते हैं?
(a) वाष्पीकरण
(b) संवहन
(c) चालन
(d) विकिरण

55. संधि के साइनोवियल नामक तरल पदार्थ वाले स्थान के पास सूजन आ जाए, तो उसे क्या कहते हैं?
(a) स्प्रेन
(b) स्ट्रेन
(c) क्रैम्प
(d) साइनोवाइटिस

56. मालिश की 'एफ्ल्युरेज तकनीक' है
(a) सहलाना हस्तकौशल विधि
(b) दबाव हस्तकौशल विधि
(c) थपथपाना हस्तकौशल विधि
(d) झकझोरना हस्तकौशल विधि

57. स्मरण शक्ति बढ़ाने हेतु कौन-सा आसन महत्त्वपूर्ण है?
(a) वज्रासन
(b) चक्रासन
(c) धनुरासन
(d) पद्मासन

58. मानक धावन-पथ में 200 मीटर स्प्रिन्ट के लिए 5वाँ स्टैगर शुरुआती लाइन से कितनी दूरी पर लगाया जाता है?
(a) 11·19 मीटर
(b) 15·02 मीटर
(c) 18·86 मीटर
(d) 22·65 मीटर

59. तैराकी के तालाब के पानी का तापमान होना चाहिए
(a) 23 °C
(b) 24 °C
(c) 25 °C
(d) 30 °C

60. किस ओलम्पिक खेल में रिद्मिक जिम्नैस्टिक्स को शामिल किया गया था?
(a) 1968 मेक्सिको
(b) 1972 म्यूनिक
(c) 1980 मॉस्को
(d) 1984 लॉस ऐंजेलेस

Adda247 GET IT ON Google Play

61. The component of physical fitness is
(a) strength
(b) speed
(c) flexibility
(d) All of the above

62. The period of meso cycle training is
(a) 3 to 12 months
(b) 3 to 12 weeks
(c) 3 to 6 weeks
(d) 3 to 6 months

63. Flexibility test is
(a) ruller drop test
(b) medicine ball throw
(c) tiechy test
(d) None of the above

64. The full form of AAHPERD is
(a) American Alliance for Health, Physical Education, Recreation and Dance
(b) Alliance of American for Health, Physical Education, Recreation and Dance
(c) American Alliance for Health, Physical Education, Recreation and Drama
(d) Alliance of American for Health, Physical Education, Recreation and Drama

65. Harvard step test was developed by
(a) Wells and Dillon
(b) Rikli and Jones
(c) Perrine
(d) Brouha and others

66. Speed can be best measured by
(a) 100 meter sprint
(b) 80 meter sprint
(c) 80 yard sprint
(d) 50 yard sprint

61. शारीरिक पुष्टि का अंग है
(a) शक्ति
(b) गति
(c) लचक
(d) उपर्युक्त सभी

62. मेसो चक्र प्रशिक्षण की अवधि है
(a) 3 से 12 माह
(b) 3 से 12 सप्ताह
(c) 3 से 6 सप्ताह
(d) 3 से 6 माह

63. लचक की माप हेतु किया जाने वाला परीक्षण है
(a) रूलर ड्रॉप टेस्ट
(b) मेडिसिन बॉल थ्रो
(c) टीची टेस्ट
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

64. AAHPERD का पूरा नाम है
(a) अमेरिकन एलायन्स फॉर हेल्थ, फिज़िकल एजुकेशन, रिक्रिएशन ऐण्ड डान्स
(b) एलायन्स ऑफ अमेरिकन फॉर हेल्थ, फिज़िकल एजुकेशन, रिक्रिएशन ऐण्ड डान्स
(c) अमेरिकन एलायन्स फॉर हेल्थ, फिज़िकल एजुकेशन, रिक्रिएशन ऐण्ड ड्रामा
(d) एलायन्स ऑफ अमेरिकन फॉर हेल्थ, फिज़िकल एजुकेशन, रिक्रिएशन ऐण्ड ड्रामा

65. हार्वर्ड स्टेप परीक्षण विकसित किया गया था
(a) वेल्स तथा डिल्लन द्वारा
(b) रिकली तथा जोन्स द्वारा
(c) पेरीन द्वारा
(d) ब्रोहा तथा अन्य द्वारा

66. गति मापन सर्वोत्तम रूप से किया जा सकता है
(a) 100 मीटर तेज दौड़ द्वारा
(b) 80 मीटर तेज दौड़ द्वारा
(c) 80 गज तेज दौड़ द्वारा
(d) 50 गज तेज दौड़ द्वारा

Adda247 GET IT ON Google Play

67. Which of the following is ***not*** related to periodization in sports training?
(a) Macro cycle
(b) Meso cycle
(c) Myo cycle
(d) Micro cycle

68. Polymetric training is used for developing
(a) explosive strength
(b) static flexibility
(c) coordinative ability
(d) long endurance

69. Which of the following measures cardio-vascular endurance?
(a) Tuttle pulse ratio test
(b) Harvard step test
(c) Run-walk test
(d) All of the above

70. In which year Ancient Olympic Games were banned?
(a) 396 AD
(b) 394 AD
(c) 776 AD
(d) 334 AD

71. In Olympic motto the meaning of 'fortius' is
(a) higher
(b) faster
(c) stronger
(d) lighter

72. Which of the following is ***not*** a law of learning?
(a) Law of readiness
(b) Law of effect
(c) Law of reaction
(d) Law of exercise

67. खेल प्रशिक्षण में समयबद्धता से निम्न में से कौन-सा सम्बन्धित **नहीं** है?
(a) मैक्रो साइकिल
(b) मेसो साइकिल
(c) मायो साइकिल
(d) माइक्रो साइकिल

68. पॉलीमेट्रिक ट्रेनिंग किसको विकसित करने के लिए प्रयोग किया जाता है?
(a) विस्फोटक शक्ति
(b) स्थिर लचीलापन
(c) सामन्जस्य योग्यता
(d) लम्बी सहनशीलता

69. निम्नलिखित में से कौन-सा परीक्षण हृद्वाहिका सहिष्णु क्षमता का मापन करता है?
(a) टटल पल्स अनुपात परीक्षण
(b) हार्वर्ड स्टेप परीक्षण
(c) रन-वॉक परीक्षण
(d) उपर्युक्त सभी

70. प्राचीन ओलम्पिक खेलों को किस वर्ष प्रतिबन्धित कर दिया गया?
(a) 396 AD
(b) 394 AD
(c) 776 AD
(d) 334 AD

71. ओलम्पिक के आदर्श-वाक्य में 'फोर्टियस' का अर्थ है
(a) ऊँचा
(b) तेज
(c) शक्तिशाली
(d) हलका

72. निम्नलिखित में से कौन-सा सीखने का नियम **नहीं** है?
(a) तैयारी का नियम
(b) प्रभाव का नियम
(c) प्रतिक्रिया का नियम
(d) अभ्यास का नियम

Adda247 GET IT ON Google Play

73. Which of the following is ***not*** correctly matched?

	List–I		*List–II*
(a)	Surplus Energy Theory	—	Carlgroos
(b)	Cathartic Theory	—	Aristotle
(c)	Recapitulatory Theory	—	G. Stanley Hall
(d)	Instinct Practice Theory	—	McDougall

74. Endomorph is characterized by

(a) thin and lethargic

(b) flabby and fat

(c) muscular and athletic

(d) All of the above

75. Theory of insight learning was propounded by

(a) Thorndike

(b) Pavlov

(c) Kohler

(d) Cattell

76. How many matches will be played in a single-league tournament, when 8 teams are participating?

(a) 16

(b) 32

(c) 28

(d) 56

77. Which of the following is ***not*** correctly matched :

	List–I		*List–II*
(a)	Osteology	—	Bones
(b)	Arthrology	—	Joints
(c)	Myology	—	Muscles
(d)	Neurology	—	Internal organs

78. Volume of air remaining in the lungs at the end of maximal expiration is known as

(a) tidal volume

(b) expiratory reserve volume

(c) residual volume

(d) inspiratory reserve volume

73. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?

	सूची–I		**सूची–II**
(a)	सरप्लस एनर्जी थ्योरी	—	कार्लग्रूस
(b)	केथार्टिक थ्योरी	—	अरस्तू
(c)	रीकैपीच्युलेटरी थ्योरी	—	जी० स्टैन्ली हॉल
(d)	इन्सर्टिक्ट प्रैक्टिस थ्योरी	—	मैकूडुगल

74. एण्डोमॉर्फ की विशेषता है

(a) पतला एवं आलसपन

(b) शिथिल एवं वसा

(c) मांसपेशीय एवं एथ्लेटिक

(d) उपर्युक्त सभी

75. अधिगम के अन्तर्दृष्टि सिद्धान्त का प्रतिपादन किया था

(a) थॉर्नडाइक ने

(b) पैवलव ने

(c) कोह्लर ने

(d) कैटल ने

76. यदि किसी सिंगल-लीग प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग ले रही हैं, तो कितने मैच खेले जायेंगे?

(a) 16

(b) 32

(c) 28

(d) 56

77. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?

	सूची–I		**सूची–II**
(a)	ऑस्टियोलॉजी	—	हड्डियाँ
(b)	आर्थ्रोलॉजी	—	संधियाँ
(c)	मायोलॉजी	—	पेशियाँ
(d)	न्युरोलॉजी	—	अन्तःअवयव

78. अधिक से अधिक श्वास बाहर निकलने के उपरान्त फेफड़ों में बची हुई वायु की मात्रा को कहते हैं

(a) टाइडल वॉल्यूम

(b) एक्सपीरेटरी रिज़र्व वॉल्यूम

(c) रेसीड्युअल वॉल्यूम

(d) इन्सपायरेटरी रिज़र्व वॉल्यूम

Adda247 GET IT ON Google Play

79. Which of the following is 'ball and socket' joint?

(a) Elbow joint

(b) Shoulder joint

(c) Wrist joint

(d) Knee joint

80. What will be the number of rounds in a cyclic method where 17 teams are participating in a single-league tournament?

(a) 15

(b) 16

(c) 18

(d) None of the above

81. When a group of people comes together to work for a common cause, it is called

(a) management

(b) administration

(c) organization

(d) None of the above

82. Who developed the administrative theory of management?

(a) Henry Fayol

(b) F. W. Taylor

(c) Max Weber

(d) Elton Mayo

83. The causative agent for syphilis is

(a) *Treponema pallidum*

(b) *Treponema sulphium*

(c) *Bacterium ribinoporium*

(d) *Multiporium derma*

84. Each gram of fats supplies how many calories to the body?

(a) 12 kcal

(b) 4 kcal

(c) 9 kcal

(d) 3·2 kcal

79. निम्नलिखित में से कौन-सी 'बॉल ऐण्ड सॉकेट' संधि है?

(a) कुहनी की संधि

(b) कन्धे की संधि

